भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1640

जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

देश में कोयला उत्पादन और ऊर्जा सुरक्षा

1640. **श्री प्रदीप कुमार वर्मा:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में हाल के वर्षों में कोयला उत्पादन ने अब तक का सर्वाधिक स्तर प्राप्त किया है;

(ख) यदि हाँ, तो पिछले पाँच वर्षों के दौरान कोयला उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या घरेलू कोयला उत्पादन में वृद्धि के परिणामस्वरूप ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले की उपलब्धता बढ़ाने और देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में सहायता मिली है;

(घ) क्या इस अवधि के दौरान कोयला आयात पर निर्भरता में कमी दर्ज की गई है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क), (ख) और (ग) : वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में कोयला उत्पादन अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में उत्पादित कोयले की मात्रा नीचे दी गई है:

[आंकड़े मिलियन टन (एमटी) में]

वर्ष	उत्पादन
2021-22	778.21
2022-23	893.19
2023-24	997.83

2024-25	1047.52
2025-26 (अनंतिम)	1040.08

पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में विद्युत क्षेत्र को प्रेषित किए गए कोयले की मात्रा नीचे दी गई है:

[आंकड़े मिलियन टन (एमटी) में]

वर्ष	**विद्युत क्षेत्र को प्रेषण**
2021-22	673.35
2022-23	735.14
2023-24	796.09
2024-25	831.79
2025-26 (अनंतिम)	818.61

घरेलू कोयला उत्पादन में वृद्धि के परिणामस्वरूप देश में ताप विद्युत संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयले की उपलब्धता हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 के अंत में घरेलू कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का स्टॉक क्रमशः 55.48 मि.ट. और 55.28 मि.ट. था, जबकि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और कैप्टिव खानों में संयुक्त रूप से खुलने वाले कोयले का स्टॉक दिनांक 01.04.2026 को पिछले वर्ष के इसी दिन 130.40 मि.ट. से बढ़कर 153.99 मि.ट. हो गया।

(घ) और (ङ): वर्तमान आयात नीति के अनुसार, कोयले को खुले सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के अध्यधीन रखा जाता है और उपभोक्ता लागू शुल्क के भुगतान पर अपनी संविदात्मक कीमतों के अनुसार अपनी पसंद के स्रोत से कोयले का आयात करने के लिए मुक्त हैं। सरकार का ध्यान कोयले के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और देश में कोयले के गैर-आवश्यक आयात को समाप्त करने

पर है। पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा आयात किया गया कोयला निम्नानुसार है:

अवधि	घरेलू कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में सम्मिश्रण उद्देश्यों के लिए आयातित कोयला (मि.ट.)	आयातित कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में उपयोग के लिए आयातित कोयला (मि.ट.)	ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा आयात किया गया कुल कोयला (मि.ट.)
2021-22	8.1	18.9	27.0
2022-23	35.1	20.5	55.6
2023-24	23.9	41.8	65.7
2024-25	14.0	48.5	62.5
2025-26	6.8	38.6	45.4

*****